**SET NO-1**

**Roll No.** | | | | | | |

Candidates must write the Set No. on the title page of the answer book

# DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE
## PERIODIC ASSESSMENT-II, 2023-24

- Please check that this question paper contains **10** printed pages.
- Set number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer book.
- Check that this question paper contains **19** questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15 minutes cooling time has been allotted to read the question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.

**CLASS – IX**
**SUB: HINDI-B (085)**

**Time Allowed : 3 Hours** **Maximum Marks: 80**

सामान्य निर्देश:-

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब'।
- खंड 'अ' में 40 वस्तुपरक प्रश्न हैं ।
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं । जिनके लिए 40 अंक निर्धारित किए गए हैं ।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।
- उत्तर लिखते समय शब्द सीमा का ध्यान रखें ।

**खंड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसपर आधारित प्रश्नों के उचित उत्तर विकल्पों में से छाँटकर लिखिए-** **(1×5=5)**

विज्ञान ने मनुष्य को मशीन बना दिया है, यह कहना उचित नहीं है । मशीनों का आविष्कार मनुष्य ने अपनी सुख-सुविधाओं के लिए किया है । यदि मशीनें नहीं होतीं, तो मनुष्य इतनी तेज़ी से प्रगति नहीं कर पाता एवं उसका जीवन तमाम तरह के झंझावातों के बीच ही गुम होकर रह जाता । मशीनों से मनुष्य को लाभ हुआ है, यदि उसे भौतिक सुख-सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं, तो उसमें मशीनों का योगदान प्रमुख है । मशीनों को कार्यान्वित करने के लिए मनुष्य को उन्हें परिचालित करना पड़ता है जिससे कार्य करने में उसे अधिक परिश्रम नहीं करना पड़ता । यदि कोई व्यक्ति मशीन के बिना कार्य करे, तो उसे अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता पड़ेगी । इस दृष्टि से देखा जाए तो मशीनों के कारण मनुष्य का जीवन यंत्रवत् नहीं हुआ है, बल्कि उसके लिए हर प्रकार का कार्य करना सरल हो गया है । यह विज्ञान का ही वरदान है कि अब डेबिट-क्रेडिट कार्ड के रूप में लोगों के पर्स में प्लास्टिक मनी आ गई है और वे जब भी चाहें, रुपए निकाल सकते हैं । रुपए निकालने के लिए अब बैंकों में घंटों लाइन में लगने की ज़रूरत ही नहीं । पहले लंबी दूरी की यात्रा

करना मनुष्य के लिए अत्यंत कष्टदायी होता था । अब विज्ञान ने मनुष्य की हर प्रकार की यात्रा को सुखमय बना दिया है । सड़कों पर दौड़ती मोटर गाड़ियाँ एवं एयरपोर्ट पर लोगों की भीड़ इसके उदाहरण हैं । पहले मनुष्य के पास मनोरंजन के लिए विशेष साधन उपलब्ध नहीं थे । अब उसके पास मनोरंजन के हर प्रकार के साधन उपलब्ध हैं । रेडियो, टेपरिकॉर्डर से आगे बढ़कर अब एलईडी, डीवीडी एवं डीटीएच, कंप्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल का ज़माना आ गया है । यही नहीं मनुष्य विज्ञान की सहायता से शारीरिक कमज़ोरियों एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाने में अब पहले से कहीं अधिक सक्षम हो गया है और यह सब संभव हुआ चिकित्सा क्षेत्र में आई वैज्ञानिक प्रगति से ।

**(i) विज्ञान ने मनुष्यों को क्या दिया है ?**

(क) परिश्रम (ख) सुख-सुविधाएँ

(ग) मशीनें (घ) असुविधाएँ

**(ii) मशीनें नहीं होती तो क्या होता ?**

(क) मनुष्य खुश रहता

(ख) मनुष्य तेज़ी से प्रगति नहीं कर पाता

(ग) मनुष्य झंझावातों से निकल जाता

(घ) मनुष्य तेज़ी से प्रगति कर पाता

**(iii) मशीनों से मनुष्य के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है ?**

(क) उसका प्रत्येक कार्य सरल हो गया है

(ख) उसका जीवन यंत्रवत् हो गया है

(ग) उसका प्रत्येक कार्य कठिन हो गया है

(घ) उसे अधिक परिश्रम करना पड़ता है ।

**(iv) गद्यांश के अनुसार, विज्ञान का वरदान क्या है ?**

(क) अब रुपए निकालने के लिए बैंकों में घंटों तक लाइन में नहीं लगना पड़ता ।

(ख) डेबिट-क्रेडिट कार्ड के रूप में लोगों के पर्स में प्लास्टिक मनी आ गई है ।

(ग) लोग जब चाहें रुपए निकाल सकते हैं।

(घ) उपर्युक्त सभी

**(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

कथन (A): मशीनों के प्रयोग से मनुष्य सुख-सुविधा संपन्न हो गया है ।

कारण (R): मशीनीकरण ने मनुष्य को अकर्मण्य व लालची बना दिया है ।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(ख) कथन (A) गलत लेकिन कारण (R) सही है ।

(ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है ।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसपर आधारित प्रश्नों के उचित उत्तर विकल्पों में से छाँटकर लिखिए-** **(1×5=5)**

भारत की जलवायु में काफ़ी क्षेत्रीय विविधता पाई जाती है । संपूर्ण विश्व आज जिस बड़ी समस्या से जूझ रहा है, वह है– जलवायु परिवर्तन । जलवायु परिवर्तन आज एक ऐसी विश्वस्तरीय समस्या का रूप ले चुका है, जिसके समाधान के लिए संपूर्ण विश्व को संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सतत प्रयास करने की आवश्यकता है । सामान्य मौसमी अभिवृत्तियों में किसी विशेष स्थान पर होने वाले विशिष्ट परिवर्तन को ही जलवायु परिवर्तन कहते हैं । मौसम में अचानक परिवर्तन, फसल-चक्र का परिवर्तित होना, वनस्पतियों की प्रजातियों का लुप्त होना, तापमान में वृद्धि, हिमनदों का पिघलना और समुद्र जल-स्तर में लगातार वृद्धि ऐसे सूचक हैं, जिनसे जलवायु परिवर्तन की परिघटना का पता चलता है ।

हिमनदों का पिघलना जलवायु परिवर्तन का सबसे संवेदनशील सूचक माना जाता है । पृथ्वी पर हिमनदों के लगातार कम होने तथा उनके स्तर के नीचे खिसकने से समुद्र के जल स्तर में वृद्धि हुई है । जलवायु परिवर्तन के पीछे कोई एक कारण नहीं है, किंतु वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा के निरंतर बढ़ते रहने को इसका सबसे बड़ा कारण माना जाता है। पृथ्वी पर आने वाली सौर ऊर्जा की बड़ी मात्रा अवरक्त किरणों के रूप में पृथ्वी के वातावरण से बाहर चली जाती है । इस ऊर्जा की कुछ मात्रा ग्रीन हाउस गैसों द्वारा अवशोषित होकर पुनः पृथ्वी पर पहुँच जाती है, जिससे तापक्रम अनुकूल बना रहता है । ग्रीन हाउस गैसों में मीथेन, कार्बन डाइ ऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड इत्यादि शामिल हैं । वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का होना अच्छा है, किंतु जब इनकी मात्रा बढ़ जाती है, तो तापमान में वृद्धि होने लगती है । इससे जो समस्या सामने आई है, उसे 'ग्लोबल वार्मिंग' अर्थात् 'वैश्विक तापवृद्धि' की संज्ञा दी गई है । वास्तव में, ग्लोबल वार्मिंग जलवायु परिवर्तन का ही एक रूप है ।

**(i) गद्यांश में जलवायु परिवर्तन का सबसे संवेदनशील सूचक किसे माना जाता है ?**

(क) तापमान में वृद्धि को
(ख) मौसम में परिवर्तन को
(ग) हिमनदों के पिघलने को
(घ) समुद्र जल स्तर में वृद्धि को

**(ii) वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा बढ़ जाने के फलस्वरूप किसकी समस्या उत्पन्न होती है ?**

(क) तापमान में वृद्धि की
(ख) वैश्विक तापवृद्धि की
(ग) तापमान में कमी की
(घ) वैश्विक प्रदूषण की

**(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

कथन (A) : समुद्र के जल-स्तर में वृद्धि हुई है ।

कारण (R) : हिमनदों के लगातार कम होने तथा उसके स्तर के नीचे खिसकने से ।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

(ख) कथन (A) गलत लेकिन कारण (R) सही है ।

(ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है ।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

**(iv) सौर ऊर्जा की कुछ मात्रा ग्रीन हाउस गैसों द्वारा अवशोषित होकर पुनः पृथ्वी पर पहुँच जाती है, इसका तापक्रम पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**

(क) तापक्रम कम हो जाता है ।

(ख) तापक्रम अनुकूल बना रहता है ।

(ग) तापक्रम बढ़ जाता है ।

(घ) तापक्रम में आंशिक परिवर्तन होता है ।

**(v) निम्नलिखित में से प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?**

(क) जलवायु परिवर्तन की समस्या

(ख) ग्रीन हाउस का प्रभाव

(ग) पृथ्वी का बढ़ता तापमान

(घ) हिमनदों का पिघलना

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×2=2)**

**(i) सागर, मदन, गुलाब आदि निम्नलिखित में से किसके उदाहरण हैं ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) वर्ण | (ख) पद | (ग) वाक्य | (घ) शब्द |

**(ii) 'मोहन जा रहा है ।', में 'मोहन' क्या है** ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) वर्ण | (ख) वाक्य | (ग) पद | (घ) शब्द |

**4. निम्नलिखित प्रश्नों से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×2=2)**

**(i) अनुस्वार चिह्न के उचित प्रयोग वाला शब्द है-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) सुगधिंत | (ख) संभ्रांत | (ग) असभंव | (घ) सयोंग |

**(ii) अनुनासिक चिह्न के उचित प्रयोग वाला शब्द है-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) धुँआ | (ख) गवाँर | (ग) सापँ | (घ) ऊँचाई |

**(iii) निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए, जिसमें अनुनासिक चिह्न का प्रयोग होता है-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) फूकना | (ख) पतग | (ग) अश | (घ) नगा |

**5. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×4=4)**

**(i) 'साहसिक' शब्द में प्रयुक्त मूल शब्द और प्रत्यय है-**

(क) साहस + इक (ख) साहस + ईक (ग) सहस + इक (घ) सहास + इक

**(ii) 'प्र' उपसर्ग से बना शब्द है-**

(क) प्रतिदिन (ख) प्रतिपल (ग) प्रगति (घ) प्रतिक्षण

**(iii) 'दुर्भाग्य' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?**

(क) दुर् (ख) र्दु (ग) दु (घ) दुर्भ

**(iv) 'ई' प्रत्यय से बना शब्द है-**

(क) लिखाई (ख) पढ़ाई (ग) दुखी (घ) चढ़ाई

**(v) 'अव्यवस्थित' शब्द में उपसर्ग है-**

(क) व्यवस्था (ख) इत (ग) आ (घ) अ

**6. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×3=3)**

**(i) 'फलादेश' का संधि-विच्छेद है-**

(क) फल + आदेश (ख) फला + आदेश

(ग) फला + देश (घ) फल + अदेश

**(ii) दंत+ओष्ठ की संधि है-**

(क) दंतोष्ठ (ख) दंतओष्ठ

(ग) दंतौठ (घ) दंतौष्ठ

**(iii) 'यथेष्ट' शब्द का उचित संधि विच्छेद है-**

(क) यथा+ष्ट (ख) यथा+इष्ट

(ग) यथा+उष्ट (घ) यथाह+ट

**(iv) 'नयन' किस संधि का उदाहरण है?**

(क) गुण संधि (ख) अयादि संधि

(ग) यण संधि (घ) वृद्धि संधि

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x3=3)**

**i. (,) कोष्ठक में दिए गए विराम चिहन का नाम क्या है?**

(क) त्रुटिपूरक चिहन (ख) लाघव चिहन

(ग) विवरण चिहन (घ) अल्प विराम

**ii. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए -**

| विराम चिहन के नाम | चिहन |
|---|---|
| i) अल्पविराम चिहन | - |
| ii) पूर्ण विराम चिहन | । |
| iii) उद्धरण चिहन | "....." |
| iv) योजक चिहन | o |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन से सही सुमेलित हैं?

(क) i और ii (ख) iii और iv

(ग) ii और iii (घ) i, ii और iv

**iii. 'हमें माता ----------पिता का आदर करना चाहिए । 'रिक्त स्थान में कौन-सा विराम चिह्न प्रयुक्त होगा ?**

(क) ? (ख) ; (ग) - (घ) " "

**iv. कौन-सा वाक्य सही है -**

(क) माँ ने कहा तुम कब आए। (ख) माँ ने कहा,तुम कब आए ?

(ग) माँ ने कहा 'तुम कब आए।' (घ) माँ ने कहा, "तुम कब आए?"

**8. निम्नलिखित प्रश्नों से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×2=2)**

**(i) "तुमने इतनी बड़ी जोखिम क्यों ली बचेंद्री ?" अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद चुनिए-**

(क) प्रश्नवाचक (ख) इच्छावाचक

(ग) संकेतवाचक (घ) विधानवाचक

**(ii) 'हाय रे ! पत्थर-दिल ।' अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए:**

(क) प्रश्नवाचक (ख) इच्छावाचक

(ग) विस्मयादिबोधक (घ) विधानवाचक

**(iii) '7900 मीटर पर कैंप-चार लगाया गया ।' अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद होगा-**

(क) निषेधवाचक (ख) आज्ञावाचक

(ग) संदेहवाचक (घ) विधानवाचक

**9. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उचित उत्तर विकल्पों में से छाँटकर दीजिए- (1×5=5)**

अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी ।
प्रभु जी, तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी ।
प्रभु जी, तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा ।
प्रभु जी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती ।
प्रभु जी, तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सुहागा ।
प्रभु जी, तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भक्ति करै रैदासा ।।

**(i) 'प्रभु तुम चंदन हम पानी' का क्या आशय है ?**

(क) प्रभु और भक्त का कोई संबंध नहीं ।

(ख) प्रभु चंदन के समान महान हैं और भक्त पानी-सा तुच्छ है ।

(ग) प्रभु और भक्त अलग-अलग हैं ।

(घ) प्रभु चंदन के समान महान हैं तो भक्त उस चंदन से सुगंधित है ।

**(ii) 'तुम घन बन हम मोरा' का क्या आशय है ?**

(क) प्रभु घना बादल है तो भक्त जंगल में भटकने वाला मोर है ।

(ख) भक्त प्रभु रूपी बादल को देखकर मोर के समान जंगल में चला जाता है ।

(ग) भक्त प्रभु रूपी बादल को देखकर मोर के समान प्रसन्नता से नाच उठता है।

(घ) प्रभु बादल के समान ऊँचा है तो भक्त जंगली मोर के समान सामान्य है ।

**(iii) इस पद में किस भाव की अभिव्यक्ति हुई है ?**

(क) भक्ति भाव (ख) प्रेम भाव

(ग) ईर्ष्या भाव (घ) निंदा भाव

**(iv) रैदास के पदों का मुख्य उद्देश्य क्या है ?**

(क) सोने-सुहागे के महत्त्व को बताना

(ख) दीपक और बाती के संबंध को उजागर करना

(ग) चंदन और पानी का गुणगान करना

(घ) ईश्वर और भक्त के संबंध को उजागर करना

**(v) रैदास अपने आप को क्या मानते हैं ?**

(क) ईश्वर का सखा (ख) ईश्वर का मित्र

(ग) ईश्वर का सहचर (घ) ईश्वर का दास

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर दीजिए - (1x2=2)**

**(i)** मुसीबत के समय कौन सहायक होता है ?

(क) ढेर सारा पैसा (ख) अपनी संचित संपत्ति

(ग) मित्र (घ) भाई-बंधु

**(ii)** 'गीत-अगीत' कविता में किसका वर्णन किया गया है ?

(क) प्रकृति की सुंदरता का (ख) जीव जंतुओं के ममत्त्व का

(ग) मानवीय राग और प्रेमभाव का (घ) उपरोक्त सभी

**11. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उचित उत्तर विकल्पों में से छाँटकर दीजिए- (1×5=5)**

एवरेस्ट की तरफ़ गौर से देखते हुए, मैंने एक भारी बर्फ़ का बड़ा फूल (प्लूम) देखा, जो पर्वत-शिखर पर लहराता एक ध्वज-सा लग रहा था । मुझे बताया गया कि यह दृश्य शिखर की ऊपरी सतह के आसपास 150 किलोमीटर अथवा इससे भी अधिक की गति से हवा चलने के कारण बनता था, क्योंकि तेज़ हवा से सूखा बर्फ़ पर्वत पर उड़ता रहता था । बर्फ़ का यह ध्वज 10 किलोमीटर या इससे भी लंबा हो सकता था । शिखर पर जानेवाले प्रत्येक व्यक्ति को दक्षिण-पूर्वी पहाड़ी पर इन तूफ़ानों को झेलना पड़ता था, विशेषकर खराब मौसम में । यह मुझे डराने के लिए काफ़ी था, फिर भी मैं एवरेस्ट के प्रति विचित्र रूप से आकर्षित थी और इसकी कठिनतम चुनौतियों का सामना करना चाहती थी ।

**(i) पर्वत शिखर पर फूल (प्लूम) कैसे बनता था ?**

(क) वर्षा के द्वारा

(ख) पर्वतारोहियों के द्वारा

(ग) प्रकृति के द्वारा

(घ) अत्यधिक गति से बर्फ़ीली हवाओं के चलने से

**(ii) अधिक गति से हवा चलने पर पर्वत पर क्या प्रतिक्रिया होती है ?**

(क) सूखा बर्फ़ पर्वत पर उड़ता रहता है।

(ख) तूफ़ान आने की संभावना बनी रहती है।

(ग) पर्वत टूटकर गिरने लगता है।

(घ) पर्वत छोटे-छोटे खंडों में बँट जाता है।

**(iii) शिखर पर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कहाँ से आने वाले तूफ़ानों को झेलना पड़ता है ?**

(क) पूर्वी-दक्षिणी पहाड़ी से (ख) दक्षिण-पूर्वी पहाड़ी से

(ग) उत्तर-पूर्वी पहाड़ी से (घ) दक्षिणी-पश्चिमी पहाड़ी से

**(iv) लेखिका कठिनतम चुनौतियों का सामना क्यों करना चाहती थी ?**

(क) स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध करने के कारण

(ख) एवरेस्ट के प्रति विचित्र रूप से आकर्षित होने के कारण

(ग) अपने पिता के सपने को पूरा करने के कारण

(घ) स्वयं की योग्यता जाँचने के कारण

**(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

कथन (A) : शिखर पर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को तूफ़ानों को झेलना पड़ता था ।

कारण (R) : एवरेस्ट की खराब मौसम में काफ़ी विषम परिस्थितियाँ होती हैं ।

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(ख) (A) और (R) दोनों सही हैं परंतु (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(ग) (A) गलत है परंतु (R) सही है ।

(घ) कथन (A) और (R) दोनों ही गलत हैं ।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1×2=2)**

**(i) लेखक के लिए कौन-सा आघात अप्रत्याशित था ?**

(क) अच्छा खाना खिलाना (ख) धोबी को कपड़े देने की बात करना

(ग) भोजन में मीठा बनाना (घ) कैलेंडर की तारीख बदलना

**(ii) रामन का पहनावा कैसा था ?**

(क) उत्तरी भारत का (ख) पूर्वी भारत का

(ग) दक्षिणी भारत का (घ) पश्चिमी भारत का

## <u>खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)</u>

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए- (3x2=6)**

(क) 'लोग दूसरे के होम की स्वीटनेस को काटने न दौड़ें', 'तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ के आधार पर इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ख) रामन् के प्रारंभिक शोधकार्य को आधुनिक हठयोग क्यों कहा गया है ?

(ग) दुःख का अधिकार कहानी समाज में व्याप्त असमानता को उजागर करती है, स्पष्ट कीजिए ।

**14. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए- (3x2=6)**

(क) गीत-अगीत के अंतर को कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) रैदास के अपने पद में प्रभु की कौन-सी विशेषताओं का वर्णन किया गया है ?

(ग) रहीम ने सागर की अपेक्षा किस जल को धन्य माना है और क्यों ?

**15. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए- (3x2=6)**

(क) लेखिका महादेवी वर्मा ने लघु जीव की जान किस तरह बचाई ? उनके इस कार्य से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

(ख) 'स्मृति' पाठ को पढ़ने के बाद किन-किन बाल-सुलभ शरारतों के विषय में पता चलता है ?

(ग) मनुष्य का अनुमान और भावी योजनाएँ कभी-कभी कितनी मिथ्या और उल्टी निकलती हैं, 'स्मृति' पाठ के आधार पर इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

**16. निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । (6x1=6)**

**(i) इंटरनेट का जीवन में उपयोग**

संकेत बिंदु-

- इंटरनेट क्या है ?
- लाभ, समय की बचत
- शिक्षा में सहायक
- उपयोग के सुझाव

**(ii) मेरे सपनों का भारत**

संकेत बिंदु-

- भारत की विशेषताएँ
- सांप्रदायिकता आदि से मुक्त उन्नत भारत की चाह
- सुखी समृद्ध भारत

(iii) **व्यायाम: सुख का आधार**

संकेत बिंदु-


- व्यायाम का अर्थ
- व्यायाम के प्रकार
- स्वास्थ्य पर प्रभाव
- मानसिक उत्साह

**17.** छात्रावास में रह रहे छोटे भाई के द्वारा की गई मोबाइल फोन की माँग पर अभी इसका उपयोग न करने की सलाह देते हुए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । **(6x1=6)**

**अथवा**

हिंदी के महत्त्व और लाभ को बताते हुए अपने मित्र को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए ।

**18.** दिए गए चित्र को देखकर लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए । **(5x1=5)**



**19.** नौकर और मालिक के मध्य वेतन वृद्धि के लिए हुए संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए । **(5x1=5)**

**अथवा**

चंचल और मोनिका सहपाठी हैं । परीक्षा के बाद दोनों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए ।

************